एक नजर

श्री रामजी बाबा मेला 10 फरवरी तक होगा संचालित

नर्मदापुरम/05,फरवरी,2026/ जिले का प्रसिद्ध संत शिरोमणि श्री राम जी बाबा मेला इन दिनों गुप्ता ग्राउंड में पूरे उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ संचालित हो रहा है। मेले में प्रतिदिन आयोजित हो रहे धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रम बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं और दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि ऐतिहासिक श्री रामजी बाबा मेला श्रद्धा, संस्कृति और सौहार्द एवं सद्भाव का प्रतीक माना जाता है। यह मेला पूरे जिले का प्रमुख आयोजन है, जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु श्री रामजी बाबा के समाधि स्थल पर दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं तथा मेले का आनंद उठाते हैं। 31 जनवरी से प्रारंभ हुआ यह 11 दिवसीय मेला 10 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। मेले के दौरान प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में 6 फरवरी को संगीत कार्यक्रम एवं मलखम (इंडियाज गॉट टैलेंट) की टीम द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। 7 फरवरी को मेला मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धार के प्रसिद्ध कवि जानी बैरागी, इंदौर के अतुल ज्वाला, उज्जैन के हिमांशु बवंडर, नीमच की डॉ. प्रेरणा ठाकरे, मेरठ के डॉ. शुभम त्यागी, दिल्ली की डॉ. बबीता पांडेय, मांडव के पंकज प्रसून चौधरी एवं रीवा के रूद्र प्रताप अपनी काव्य एवं व्यंग्य रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। इसी दिन नर्मदा महाविद्यालय में दिन में कबड्डी प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। 8 फरवरी को दिन में बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता तथा 9 फरवरी को एसएनजी स्टेडियम में पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेशभर के पहलवान भाग लेंगे।

घरों में घुस रहा सीवर लाइन का पानी

न्यास कालोनी क्षेत्र में सीवर लाइन के पानी से बरसात जैसी स्थिति निर्मित हुई

नपा अध्यक्ष का परमानेंट जवाब - दिखवाते हैं, करवाते हैं, या बताते हैं. समस्या जस की तस

नवभारत न्यूज

इटारसी, 05 फरवरी, न्यास कालोनी के निर्माण के समय से ही सीवर लाईन का पानी लोगों के घरों में आ जाता है. वह कब, जब बारिश के दौरान लोगों के घरों में भरा जाता है. इन दिनों बरसात नहीं हो रही है फिर भी सीवर लाईन के चेम्बरों से पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है. नगरपालिका प्रशासन को शिकायत करने के बाद भी महीनों बीत जाते हैं लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा.

नगरपालिका अध्यक्ष के पास यदि कोई शि कायत करता है तो वह रटा रटाया जबाव देते है कि - दिखवाते हैं, करवाते हैं या बताते हैं का परमानेंट जबाव हाजिर रहता है. न्यासवासियों ने सीवर लाईन के पानी के संबंध में अलग अलग शिकायत नगरपालिका प्रशासन से कर चुके हैं लेकिन



महीनों बीत जाने के बाद भी उनकी तरफ से कोई ध्यान नहीं दे रहा. न्यासवासी गुलाबदास चौधरी ने बताया कि हमारे मकान सहित आसपास के क्षेत्र में सीवर लाईन का पानी घरों में घुस रहा है जिसकी शिकायत लिखित एवं व्यक्तिगत रूप से हमने महीनों पहले की थी. लेकिन आज दिनांक तक हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रहा है.

मामला दर्ज होने के बाद फरार होने की बजाय मंच पर आसीन हैं आरोपी

बालीबॉल प्रतियोगिता के फायनल मुकाबले में अतिथियों के साथ बैठे आरोपी

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और वर्तमान जनपद सदस्य रामपुर निवासी आशुतोष शरण तिवारी और उनके पुत्र ने अपने छोटे भाई की मृत्यु उपरांत उनके खाते से लगभग ढाई करोड़ रुपए निकाल लिए। मामले को लेकर नर्मदापुरम निवासी उर्वशी तिवारी की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पिता पुत्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। नर्मदा पुरम निवासी श्रीमती उर्वशी तिवारी ने बताया कि उनका विवाह रामपुर निवासी अखिलेश शरण तिवारी के साथ हुआ था। 2 वर्ष पूर्व उनके पति की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। पति की मृत्यु के पश्चात उनके बड़े भाई भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और वर्तमान जनपद सदस्य आशुतोष शरण तिवारी और उनके पुत्र आस्तिक तिवारी ने बैंक कर्मियों की मिलीभगत से मेरे पति अखिलेश के खाते से मोबाइल के जरिए लगभग 2.51 लाख रुपए निकाल दिए। धोखाधड़ी की जानकारी लगने के बाद मैने अपने जेठ आशुतोष शरण तिवारी से चर्चा की थी लेकिन उन्होंने मेरी बात सुनने के बजाय मुझे ही बुरा भला कहकर चलता कर दिया।

कृषि मंडी में धान की कीमतों में जोरदार उछाल

नवभारत न्यूज

इटारसी, 05 फरवरी कृषि उपज मंडी में इन दिनों धान की फसल लेकर आ रहे किसानों के लिए अच्छी खबर है। गुरुवार को मंडी में धान के दामों में शानदार बढ़त दर्ज की गई, जिससे अन्नदाताओं के चेहरे खुशी से दमक उठे हैं। क्षेत्र में अभी भी बड़ी मात्रा में धान की कटाई और गहाई का काम जारी है, जिसके चलते मंडी में रोजाना सैकड़ों ट्रॉली धान पहुंच रही है। मंडी सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों के मुकाबले आज धान की विभिन्न किस्मों के भाव में अच्छी तेजी देखी गई। व्यापारियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा और धान की गुणवत्ता

के कारण किसानों को अपनी उपज का वाजिब और आकर्षक दाम मिल रहा है। यही वजह है कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ दूर-दराज के किसान भी अपनी फसल बेचने के लिए इटारसी मंडी का रुख कर रहे हैं। धान की भारी आवक के कारण मंडी परिसर में चारों ओर धान की ढेरियां और ट्रॉलियां नजर आ रही हैं। इस बार फसल अच्छी हुई है और अब मंडी में दाम भी बेहतर मिल रहे हैं, जिससे हमारी मेहनत सफल होती दिख रही है।

12 वीं के छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट किये

सिवनी मालवा 05 फरवरी मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की वार्षिक परीक्षा 10 फरवरी से प्रारंभ होने के पूर्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा में कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने कक्षा 12 वीं के छात्रों को विदाई दी और अपने अनुभवों को साझा किया। छात्र-छात्राओं के द्वारा विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संकुल शा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरनखेड़ा प्राचार्य राकेश साहू एवं शासकीय हाई स्कूल मकोडिया प्राचार्य हरि परेवा ने मां सरस्वती की पूजन अर्चना की पश्चात विदाई कार्यक्रम शुरु हुआ जिसमें कक्षा 12 वीं के छात्र छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किये.

रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिये अतिक्रमण हटाया

राजस्व टीम द्वारा कुल 84 आवासीय एवं व्यावसायिक संरचनाओं को चिहित किया गया.

नवभारत न्यूज

हरदा, 05 फरवरी कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर गुरुवार को एसडीएम संजीव कुमार नागू ने पुलिस एवं राजस्व विभाग के दल के साथ टिमरनी में छिदगांव-हरदा रोड़ पर रेल्व ओवर ब्रिज निर्माण की जद में आ रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री नागू ने बताया कि टिमरनी में छिदगांवमेल - हरदा रोड़ पर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य प्रचलन में है, जिसमें राजस्व निरीक्षक टिमरनी द्वारा कुल 84 आवासीय एवं व्यावसायिक

संरचनाओं का अतिक्रमण शासकीय भूमि खसरा नम्बर 78/1 रकबा 3.105 पर अतिक्रमण होना प्रतिवेदित किया गया है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार टिमरनी श्री रमेश सिसोदिया, राजस्व निरीक्षक टिमरनी श्री आनन्द तिवारी तथा हल्का पटवारी सहित पुलिस का दल मौजूद रहा।

शा .कन्या विद्यालय की छात्राओं को मिली गुणवत्ता की सीख

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम भावी पीढ़ी को गुणवत्ता के प्रति जागरूक और जिम्मेदार उपभोक्ता बनाने के उद्देश्य से भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) द्वारा विद्यालयों में मानक क्लब का गठन किया गया है। इस क्लब का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं की गुणवत्ता, सुरक्षा, मानकीकरण तथा भारतीय मानकों के महत्व से परिचित कराना है।शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित मानक क्लब गतिविधियों के संबंध में प्राचार्य श्रीमती अर्चना मिश्रा ने बताया कि मानक क्लब के माध्यम से हमारे बच्चों को वस्तुओं की गुणवत्ता और उनके मानकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल रही है।इससे छात्राओं में जागरूकता के साथ-साथ संवेदनशील और जिम्मेदार सोच का विकास हो रहा है। प्राचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय में 24 जनवरी को मानक लेखन प्रतियोगिता तथा 3 फरवरी को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने गुणवत्ता, मानकों और उपभोक्ता जागरूकता जैसे विषयों पर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालय में मानक क्लब गतिविधियों का संचालन मेंटर अर्चना कहार के द्वारा किया गया,जिनके नेतृत्व में छात्राओं को भारतीय मानकों से जुड़ी जानकारी व्यवहारिक गतिविधियों के माध्यम से प्रदान की गई। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम,द्वितीय,तृतीय एवं चतुर्थ स्थान के लिए क्रमश: 1000, 750, 500 एवं 250 की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में हरिशंकर बरगले एवं दिनेश अहिरवार ने सहयोगी की भूमिका निभाई। मानक क्लब की ये गतिविधियाँ छात्राओं में गुणवत्ता-प्रधान दृष्टिकोण, सही चयन की समझ और जिम्मेदार नागरिक बनने की चेतना विकसित कर रही हैं।

बनवारी रोड से मंडी टोला मार्ग पर सड़क हुई जर्जर

पिपरिया पचमढी रोड बनवारी रोड पर मुख्य मार्ग से मंडी टोला की ओर जाने वाली सडक़ के जर्जर हो जाने से आवागमन में नागरिको को भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। बनवारी रोड से मंडी मार्ग पर रेल्वे अंडर ब्रिज से होते हुए मंडी टोला होकर हथवांस जाने वाले मार्ग पर बनवारी व हथवांस की ओर सडक अत्यधिक जर्जर होकर उखड गई है जिससे दो पहिया वाहन चालको व पैदल वालो को परेशानियों का सामना करना पडा

योजनाओं को गांव-गांव घर - घर पहुंचाने का संकल्प

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 05 फरवरी 2026, सिवनी मालवा में भाजपा की विकसित भारत की संकल्पना को सशक्त करने तथा विकसित भारत गारंटी फ़ॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक-2025 और केंद्रीय बजट 2026 के जन-जन तक प्रचार एवं प्रसार के उद्देश्य से मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भाजपा नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री अनिल बुंदेला की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला में केंद्र सरकार की योजनाओं, विधेयक-2025 और केंद्रीय बजट 2026 से आमजन को मिलने वाले लाभों पर विस्तार से चर्चा की एवं सभी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। कार्यशाला में भाजपा नेता अनिल बुंदेला ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, रोजगार सृजन, ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भर भारत तथा समावेशी विकास के विज़न पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी पहल के रूप में सामने आई।

कार्यक्रम की प्रस्तावना नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

हरदा, 05 फरवरी उमंग है तो जिंदगी में रंग है, इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। यह बात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एच.पी.सिंह ने उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा अधिकारी डी. एस. रघुवंशी ने बताया कि वर्तमान में उमंग कार्यक्रम को हाईस्कूल एवं हायर सेकंड्री स्कूल में चलाया जा रहा है, जिसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। माध्यमिक शाला में कार्यक्रम के प्रारंभ होने से किशोर-किशोरियों को कम उम्र से जीवन कौशल की समझ विकसित होगी।

डाईट प्राचार्य अजय कुमार कुम्भारे ने हरदा जिले में उमंग गतिविधियों के सफलता पूर्वक संचालन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए इसे वर्तमान समय के लिए अत्यंत आवश्यक गतिविधि बताया।

ओवर लोड वाहनों पर नहीं लग रहा अंकुश

पिपरिया ओवर लोडिंग के कारण लगातार दुर्घटनाये होने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा गंभीरता से ध्यान नही दिया जा रहा है। कृषि उपजमंडी से ओवर लोड ट्रेक्टर ट्राली निकल रहे है। वही ट्रको में भी क्षमता से अधिक अनाज भरा जा रहा है। शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यह वाहन पचमढी रोड,साडिया रोड,शोभापुर रोड जा रहे है जहां मुख्य मार्गो के आसपास खडे रहने के कारण जाम की स्थितियां भी बन रही है। ओवर लोड ट्रेक्टरो से कई बार अनाज के बारो की थप्पियां मुख्य मार्ग पर गिर चुकी है।

गांव में पनप रहे नए माफिया, अवैध उत्खनन से राजस्व हानि

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा तहसील इस समय नए प्रकट हो रहे रेत माफियाओं से परेशान है। ये नए माफिया रेत चोरी में सक्रिय हो गए हैं,बाकायदा इनके सोशल मीडिया पेज पर इनकी दबंगाई देखी जा सकती है। ऐसा ही मामला कजलास एव टिगारिया ग्राम मे रेत को लेकर विवाद हुआ है ।ज्ञात हो कि मेसर्स वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एल एल पी कंपनी द्वारा नर्मदापुरम -2 समूह में स्थित 34 रेत खदानो का टेंडर 85 करोड रुपये सालाना मे शासन से रेत उत्खत्न एवं परिवहन के लिये ठेके पर लिया गया है।जिसमे नर्मदापुरम तहसील एव सिवनी मालवा तहसील स्थित 34 रेत खदाने आती है।कुछ दिन पूर्व 31 जनवरी को कजलास एव टिगारिया ग्राम मे जो रेत को लेकर विवाद हुआ, जिसमें सोशल मीडिया में ये बताया गया कि विवाद रेत कंपनी ने किया लेकिन कंपनी के अधिकारी ने बताया कि ग्राम कजलास एव टिगारिया मे पिछले 1 वर्ष से अवैध रूप से ट्रेक्टर-ट्रॉलियो से रेत का अवैध उत्खनन एव परिवहन गाँव के कुछ तथाकथित रेत माफियाओं के द्वारा किया जा रहा था। 31 जनवरी को कंपनी के कर्मचारी ग्राम कजलास एव टिगारिया के पास मिसरोद स्थित गाव मे मैन रोड से निकल रहे थे। उसी समय गांव के अवैध उतखननकर्ताओ द्वारा दो ट्रेक्टर से रेत कंपनी की स्कॉर्पियो वाहन मे जोरदार टक्कर मारी गई,जब कंपनी के कर्मचारी गाडियो से नीचे उतरे तो ग्रामीणो ने पथराव चालू कर दिया।इस पूरी घटना का कुछ लोगों ने एक तरफा कंपनी कर्मचारियों का वीडियो बनाकर ये बताया कि ये कंपनी दबंगाई कर रही है जिसे लोगों ने भ्रामक और गलत बताया है। वायरल वीडियो में सिर्फ एक पक्ष ही दिखाया जा रहा है। जबकि इन्ही अवैध उतखननकर्ताओ द्वारा 1 वर्ष पूर्व नाके को जला दिया गया था।

राजस्व मामले में नोटिस

समक्ष में - न्यायालय तहसीलदार इटारसी
मामले का विषय- नामान्तरण बावत
मामला क्रमांक - रा0प्र0क0 0918 अ-6 वर्ष 2025-26 मौजा मेहरागॉव
1- श्रीमति बिलकिस बी पत्नि श्री नूर मोहम्मद निवासी - वार्ड नं0 21 अब्दुल हमीद नगर इटारसी

बनाम

1- रमजान खान आ0 श्री रसूल खॉ, 2- रहीम खान आ0 श्री रसूल खॉ, 3- रहमान खान आ0 श्री रसूल खॉ, 4- रसूल खॉ आ0 श्री कासम खॉ, सभी निवासी पोटल खोली इटारसी तहसील इटारसी

एतद द्वारा आप रमजान खान आ0 श्री रसूल खॉ, रहीम खान आ0 श्री रसूल खॉ, रहमान खान आ0 श्री रसूल खों, रसूल खॉ आ0 श्री कासम खॉ सभी निवासी पोटर खोली इटारसी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति बिलकिस बी पत्नि श्री नूर मोहम्मद निवासी वार्ड नं0 21 अब्दुल हमीद नगर इटारसी द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि मौजा मेहरागॉव स्थित भूमि 457/2, 458/2, 475/3 एवं आनलाईन ख0 नं0 457/2/145, 458/2-475/3 में से 960 वर्गफुट याने 89.21 वर्गमीटर भूमि पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है। अत: आप रमजान खान आ0 श्री रसूल खॉ, रहीम खान आ0 श्री रसूल खॉ, रहमान खान आ0 श्री रसूल खॉ, रसूल खॉ आ0 श्री कासम खॉ सभी निवासी पोटर खोली इटारसी का कोई वैद्य वारसान को यदि उक्त संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आप स्वंय या अपने अभिभाषक के मार्फत इस न्यायालय में नियत दिनॉक 17/02/2026 को 11.00 बजे उपस्थित हो कर अपनी आपत्ति देवे। अन्यथा प्रकरण का निराकरण आपकी अनुपस्थित के कारण आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर किया जावेगा। आज दिनॉक 03/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया जाता है।

तहसीलदार, इटारसी

राजस्व मामले में नोटिस

समक्ष में - न्यायालय तहसीलदार इटारसी
मामला दर्ज होने के बाद फरार होने की बजाय मंच पर आसीन हैं आरोपी
मामला क्रमांक - रा0प्र0क0 1162 अ-6 वर्ष 2025-26 मौजा इटारसी
1- श्रीमति शीला बाई बडोदिया पति श्री पूरनलाल निवासी मकान नम्बर 22 वार्ड नं0 34 12 बंगला चैतन्य नगर पुरानी चर्च इटारसी

बनाम

1- सूर्यकुमार गुप्ता आ0 स्वं0 धनीराम गुप्ता निवासी वार्ड नं0 27 चामुण्डा चौराहा इटारसी 2- श्रीमति रामबाई पत्नि धनीराम गुप्ता निवासी वार्ड नं0 27 चामुण्डा चौराहा इटारसी 3- चन्द्रकुमार गुप्ता आ0 स्वं0 श्री धनीराम गुप्ता निवासी गौतम नगर चेतक ब्रिज भोपाल 4- रामकुमार गुप्ता आ0 स्वं0 श्री धनीराम गुप्ता निवासी होम कॉलोनी समसा रोड अगरा 5- श्रीमति मीना गुप्ता पत्नि अशोक कुमार गुप्ता निवासी इतवारा बाजार नर्मदापुरम, श्रीमति मधुवाला गुप्ता पत्नि श्री विजेन्द्र कुमार निवासी फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश 7- श्रीमति शशि गुप्ता पत्नि शिवकांत गुप्ता निवासी ट्रान्स जमना कॉलोनी आगरा उत्तर प्रदेश 8- श्रीमति बविता गुप्ता पत्नि श्री दिनेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी कागरोल आगरा उत्तर प्रदेश 9- श्रीमति हेमा गुप्ता पत्नि श्री विवेक कुमार गुप्ता निवासी चामुण्डा चौराहा इटारसी

एतद द्वारा आप सूर्यकुमार गुप्ता आ0 स्वं0 धनीराम गुप्ता निवासी वार्ड नं0 27 चामुण्डा चौराहा इटारसी, श्रीमति रामबाई पत्नि धनीराम गुप्ता निवासी वार्ड नं0 27 चामुण्डा चौराहा इटारसी चन्द्रकुमार गुप्ता आ0 स्वं0 श्री धनीराम गुप्ता निवासी गौतम नगर चेतक ब्रिज भोपाल, रामकुमार गुप्ता आ0 स्वं0 श्री धनीराम गुप्ता, निवासी होम कॉलोनी समसा रोड अगरा, श्रीमति मीना गुप्ता पत्नि अशोक कुमार गुप्ता निवासी इतवारा बाजार नर्मदापुरम, श्रीमति मधुवाला गुप्ता पत्नि श्री विजेन्द्र कुमार निवासी फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश श्रीमति शशि गुप्ता पत्नि शिवकांत गुप्ता निवासी ट्रान्स जमना कॉलोनी आगरा उत्तर प्रदेश श्रीमति बविता गुप्ता पत्नि श्री दिनेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी कागरोल आगरा उत्तर प्रदेश श्रीमति हेमा गुप्ता पत्नि श्री विवेक कुमार गुप्ता निवासी चामुण्डा चौराहा इटारसी का कोई वैद्य वारसान को यदि उक्त संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आप स्वंय या अपने अभिभाषक के मार्फत इस न्यायालय में नियत दिनॉक 17/02/2026 को 11.00 बजे उपस्थित हो कर अपनी आपत्ति देवे। अन्यथा प्रकरण का निराकरण आपकी अनुपस्थित के कारण आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर किया जावेगा। आज दिनॉक 03/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया जाता है।

तहसीलदार, इटारसी

न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी

इश्तहार /प्रेस विज्ञप्ति

रा0प्र0क0 0019 अ-6 वर्ष 2025-26

कविता शिन्दे बेवा भूपति राव शिन्दे एवं अन्य-02 निवासी वार्ड नं0 28, नेहरूगंज इटारसी तहसील इटारसी ने इस आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण श्रीमति आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म0प्र0भू0रा0 संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं0 03 प्लाट नं0 46 रकबा 1385 व0फु0 भूमि नजूल अभिलेख में आवेदिका क्रमांक-1 के पति एवं 2 लगायत 3 के पिता भूपति राव शिन्दे एवं अनावेदक क्रमांक-1 लगायत 7 के संयुक्त नाम से दर्ज है। आवेदकगणों के पति/पिता भूपति राव शिन्दे की मृत्यु दिनांक 23/07/2023 को इटारसी में हो गई है एवं आवेदकगण ही उनके जीवित विधिक वारसान है अन्य कोई वारसान नहीं है। आवेदकगण उक्त वर्णित संपत्ति पर वारसान हक में फौती आधार पर आवेदकगणों का नाम दर्ज कराना चाहते है। अत: आवेदकगणों द्वारा उक्त वर्णित संपत्ति पर फौती आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 18/02/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोट:- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

नजूल अधिकारी

In The Court Of I Civil Judge Class-v and Chief Judicial Magistrate, District Court, Harda

Presiding Officer: लवकेश सिंह

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000015/2025)

संजय.....आवेदक

Vs

शशिकांत.....अनावेदक

PNO-568/26

Process Id/2026

पेशी दिनांक - 17/03/2026

(1) सर्वसाधारण पता-पता सर्वसाधारण

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय पिता ने कृष्ण कांत मंण्डलोई निवासी व्ही व्ही वार्ड गणेश मन्दिर के पास हरदा की पेंशन की राशी 1115020 रू. जनपथ पंचायत हरदा से राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनाक 23 January 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23 January 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 28-January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
लवकेश सिंह,
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड, हरदा जिला हरदा मप्र

टिप्पणी--प्रकाशन हेतु

कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

अभा हॉकी ऐतिहासिक बना 61वां अखिल भारतीय हॉकी फायनल मैच

हॉकी में मंडीदीप ने सोहागपुर को हराकर खिताब जीता

नवभारत न्यूज

सोहागपुर, 05 फरवरी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ठाकुर प्रतापभानु सिंह चौहान की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के 61वें फाइनल मुकाबले का आयोजन गरिमामयी वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह राजपूत रहे, जबकि अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने की। विशेष अतिथियों में डॉ. अतुल सेठ, रोहित फौजदार, कायाकल्प दरिया जी, कैलाश पालीवाल, कन्नूलाल अग्रवाल, हमीर सिंह चंदेल, जयप्रकाश महेश्वरी, मंगल सिंह अधिवक्ता, भानु तिवारी, नवल भैया, रमेश यादव, रामगोपाल चौबे, बी.के. शर्मा, हरिहर सिंह अधिवक्ता, चंद्रभान चौरसिया एवं बीएमओ रेखा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके पश्चात खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में सोहागपुर और मंडीदीप की टीमें आमने-सामने रहीं। दर्शकों की मौजूदगी और उत्साह के बीच खेले गए इस मुकाबले में मंडीदीप ने सोहागपुर को 6 - 2 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले से पूर्व खेलों में विशेष योगदान देने वाले विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह राजपूत, शेर खान एडवोकेट एवं भानू भैया का नागरिकों द्वारा अभिनंदन किया गया। अतिथियों को जीप में बैठाकर ग्राउंड का भ्रमण कराया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया।

पुरस्कार वितरण

विजेता टीम सोहागपुर को विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह राजपूत द्वारा 31 हजार रुपये की नगद राशि प्रदान की गई। वहीं स्व. रामचन्द्र महेश्वरी की स्मृति में ट्रॉफी गोपाल महेश्वरी द्वारा दी गई। सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी गोपाल चौबे एवं सब इंजीनियर बृजेश खानोरकर द्वारा प्रदान की गई। उपविजेता मंडीदीप टीम को स्व. शरदचंद तिवारी की स्मृति में 21 हजार रुपये की नगद राशि शिरीष तिवारी एवं सौरभ तिवारी द्वारा प्रदान की गई। दोनों टीमों को मेडल गोपाल चौबे द्वारा वितरित किए गए। बेस्ट गोलकीपर- रोनीत राय (सोहागपुर) रहे.